PR PROFESSIONALS GROUP

| | |
|---|---|
| Publication | Dainik Jagran |
| Language/Frequency | Hindi/Daily |
| Page No | I |
| Date | 2nd November 2019 |

दैनिक जागरण

## ॥ प्रणाम ॥

### सांस्कृतिक कार्यक्रम

- छठ पूजा को लेकर शाम 7:00 बजे से सेक्टर-45 कन्हेई में सांस्कृतिक कार्यक्रम

### खेल महाकुंभ

- सेक्टर-38 स्थित ताऊ देवीलाल स्टेडियम में जिला स्तरीय खेल महाकुंभ का सुबह 9:00 बजे से आगाज

### शतरंज प्रतियोगिता

- सेक्टर-54 स्थित सन सिटी स्कूल में जूनियर राष्ट्रीय शतरंज प्रतियोगिता सुबह 9:00 बजे से

### योग शिविर

- सेक्टर-29 स्थित महाराणा प्रताप स्वर्ण जयंती पार्क में सुबह 6:00 बजे से योग शिविर
- सुबह 5:30 बजे से गुरुद्वारा रोड स्थित कमला नेहरू पार्क में योग शिविर

| Publication | Dainik Jagran |
|---|---|
| Language/Frequency | Hindi/Daily |
| Page No | 01 |
| Date | 2nd November 2019 |

दैनिक जागरण

# नौ दिवसीय राष्ट्रीय शतरंज का आगाज

**जागरण संवाददाता, गुरुग्राम:** शुक्रवार को सेक्टर 54 स्थित सनसिटी वर्ल्ड स्कूल में 49 वीं राष्ट्रीय जूनियर लड़के व 34 वीं राष्ट्रीय जूनियर लड़कियों की शतरंज प्रतियोगिता का आगाज हुआ। 1 से 9 नवंबर तक खेली जाने वाली प्रतियोगिता में 299 खिलाड़ी देशभर से शामिल हैं। जिसमें 180 लड़के वर्ग में और 119 लड़कियां शामिल है। हरियाणा शतरंज एसोसिएशन के महासचिव नरेश शर्मा ने बताया कि यहीं पर राष्ट्रीय टीम का चयन होगा। सभी खिलाड़ी 11-11 राउंड मुकाबले खेलेंगे और ट्रॉफी हासिल करने के लिए मुकाबला करेंगे। प्रतियोगिता का शुभारंभ ऑल इंडिया चेस फेडरेशन महासचिव भरत सिंह ने किया। इस मौके पर सिंह ने कहा कि हरियाणा राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताएं लगातार आयोजित कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि हरियाणा से देश को उभरते हुए शतरंज खिलाड़ी मिल रहे हैं जो भविष्य में देश का नाम रोशन करेंगे।

| Publication | Hindustan |
|---|---|
| Language/Frequency | Hindi/Daily |
| Page No | 02 |
| Date | 2nd November 2019 |

हिन्दुस्तान
तरक्की को चाहिए नया नजरिया

इस टूर्नामेंट के माध्यम से अगले साल भारत में आयोजित होने वाले विश्व चैंपियनशिप टूर्नामेंट के लिए राष्ट्रीय टीम का चयन किया जाएगा


# नेशनल जूनियर शतरंज चैंपियनशिप में 300 खिलाड़ी पहुंचे

**प्रतियोगिता**

गुरुग्राम | **कार्यालय संवाददाता**

सेक्टर-54 स्थित सनसिटी स्कूल में शुक्रवार से नेशनल जूनियर शतरंज चैंपियनशिप शुरू हो गई। इसमें ऑल इंडिया शतरंज फेडरेशन के महासचिव भरत सिंह चौहान ने टूर्नामेंट का उद्घाटन किया। उन्होंने नियमित रूप से राष्ट्रीय स्तर के शतरंज टूर्नामेंट के आयोजन के लिए हरियाणा शतरंज संघ की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि स्कूल की ओर से तीसरी बार नेशनल जूनियर शतरंज चैंपियनशिप 2019 की मेजबानी कर रहा है। देशभर के 300 से अधिक अंडर-19 शतरंज खिलाड़ी इस राष्ट्रीय टूर्नामेंट में भाग ले रहे हैं। इसके पहले मुख्य अतिथि व अखिल भारतीय शतरंज संघ के महासचिव भारत सिंह चौहान ने दीप प्रज्ज्वलन किया। उन्होंने कहा कि सहयोग के बिना ये टूर्नामेंट आयोजित करना बहुत मुश्किल था क

**चैंपियनशिप नौ दिन तक चलेगी :** 9 दिनों तक चलने वाली इस चैंपियनशिप में 11 राउंड शामिल हैं। शुरुआती राउंड पहले ही दिन आयोजित किया गया। 49 वीं राष्ट्रीय जूनियर ओपन एंड 34वीं राष्ट्रीय जूनियर गर्ल्स शतरंज टूर्नामेंट का आयोजन फ़ीडे इंटरनेशनल शतरंज फेडरेशन द्वारा निर्धारित दिशा-निर्देशों पर किया जा रहा है। इस टूर्नामेंट के माध्यम से अगले साल भारत में आयोजित होने वाले विश्व चैंपियनशिप टूर्नामेंट के लिए राष्ट्रीय टीम का चयन किया जाएगा।



गुरुग्राम के सेक्टर-54 में शतरंज चैम्पियनशिप में भाग लेते खिलाड़ी। • हिन्दुस्तान

चैंपियनशिप को विभिन्न आयु वर्गों में विभाजित किया गया है। जिसमें 7, 9, 11, 13, 15, 17 और 19 आयु वर्ग के शामिल हैं। टूर्नामेंट इसलिए भी महत्वपूर्ण है, क्योंकि इसके माध्यम से अगले साल आयोजित होने वाले विश्व चैंपियनशिप टूर्नामेंट के लिए राष्ट्रीय टीम का चयन किया जाएगा।

**गुरुग्राम से दो स्टार खिलाड़ीः** जूनियर ओपन श्रेणी में भाग लेने वाले सर्वोच्च रैंक वाले खिलाड़ी कौस्तव चटर्जी हैं। जिनकी कुल भारत एलो रैंकिंग 2442 है और जूनियर लड़कियों की श्रेणी में अर्पिता मुखर्जी है। जिनकी कुल भारत 2271 एलो रैंकिंग है। स्कूल की स्टार खिलाड़ी तनिष्क कोटिया और रिद्धिका कोटिया भी टूर्नामेंट में भाग ले रही हैं।

**छात्रों को एक बड़ा मंच देनाः** हरियाणा चेस एसोसिएशन के महासचिव नरेश शर्मा ने कहा कि पहले भी दो अंतराष्ट्रीय स्तर के ग्रैंड मास्टर टूर्नामेंट आयोजित कर चुके हैं। इसके पीछे मुख्य उद्देश्य छात्रों को ऐसा मंच प्रदान करना है, जहां वे प्रतिभा का प्रदर्शन कर सकें। इस मौके पर प्रमुख आर्बिटर आरएस तिवारी, देश रतन गुलाटी, विजय गुप्ता, राजपाल, सुषमा चौहान, स्कूल की प्रिंसिपल संदीपा राय आदि मौजूद रहे।

| | |
|---|---|
| Publication | Dainik Bhaskar |
| Language/Frequency | Hindi/Daily |
| Page No | 02 |
| Date | 2nd November 2019 |

दैनिक भास्कर

# नेशनल जूनियर शतरंज चैंपियनशिप शुरू, देश भर के 300 से अधिक खिलाड़ियों ने लिया हिस्सा

**भास्कर न्यूज़। गुड़गांव**

सेक्टर-54 स्थित सनसिटी वर्ल्ड स्कूल में नेशनल जूनियर शतरंज चैंपियनशिप 2019 का शुक्रवार को आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में देश भर के 300 से अधिक अंडर -19 खिलाड़ी भाग ले रहे हैं। मुख्य अतिथि के तौर पर अखिल भारतीय शतरंज संघ के महासचिव भारत सिंह चौहान मौजूद रहे।

नौ दिनों तक चलने वाली इस चैंपियनशिप में 11 राउंड खेले जाएंगे और शुरुआती राउंड शुक्रवार को खेला गया। 49 वीं जूनियर नेशनल ओपन एंड 34वीं राष्ट्रीय जूनियर गर्ल्स शतरंज टूर्नामेंट का आयोजन फीडे इंटरनेशनल शतरंज फेडरेशन कर रही है। इस टूर्नामेंट के माध्यम से, अगले साल भारत में आयोजित होने वाले विश्व चैंपियनशिप टूर्नामेंट के लिए नेशनल टीम का चयन किया जाएगा। चैंपियनशिप को 7, 9, 11, 13, 15, 17 और 19 आयु वर्गों में विभाजित किया गया है। यह टूर्नामेंट इसलिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि इसके माध्यम से अगले साल आयोजित होने वाले विश्व चैंपियनशिप टूर्नामेंट के लिए राष्ट्रीय टीम का चयन किया जाएगा। इस प्रतियोगिता में जूनियर ओपन श्रेणी में भाग लेने वाले सर्वोच्च रैंक वाले खिलाड़ी कौस्तव चटर्जी हैं, जिनकी भारत एलो रैंकिंग 2442 है। जूनियर लड़कियों की श्रेणी में अर्पिता मुखर्जी हैं जिनकी 2271 एलो रैंकिंग है। सनसिटी स्कूल की खिलाड़ी तनिष्क कोटिया और रिद्धिका कोटिया भी टूर्नामेंट में भाग ले रही हैं।



**गुड़गांव.** सेक्टर 54 स्थित सनसिटी वर्ल्ड स्कूल में नेशनल जूनियर शतरंज चैंपियनशिप में भाग लेते खिलाड़ी।

| Publication | Punjab Kesari |
|---|---|
| Language/Frequency | Hindi/Daily |
| Page No | 02(Gurgaon Kesari) |
| Date | 2nd November 2019 |

पंजाब केसरी

# देशभर से आए शतरंज के 300 खिलाड़ी दौड़ाएंगे दिमागी घोड़े

गुड़गांव, 1 नवम्बर (ब्यूरो): शहर के सैक्टर-54 स्थित एक निजी स्कूल में नौ दिवसीय नेशनल जूनियर शतरंज चैंपियनशिप 2019 को आयोजन किया जा रहा है, जिसमें देश के विभिन्न राज्यों से लगभग 300 खिलाड़ी भाग ले रहे हैं। शुक्रवार को शतरंज चैंपियनशिप के शुभारंभ अवसर पर मुख्यातिथि के तौर पर अखिल भारतीय संघ के महासचिव भारत सिंह चौहान उपस्थित रहे। शतरंज चैंपियनशिप में 11 राउंड शामिल हैं और शुरुआती राउंड पहले ही दिन आयोजित किया गया था। हरियाणा चेस एसोसिएशन के महासचिव नरेश शर्मा ने बताया कि 49वीं राष्ट्रीय जूनियर ओपन और 34वीं राष्ट्रीय जूनियर गर्ल्स शतरंज टूर्नामेंट का आयोजन फीडे इंटरनेशनल शतरंज फेडरेशन द्वारा निर्धारित दिशा-निर्देशों पर किया जा रहा है। इस टूर्नामेंट के माध्यम से अगले साल भारत में आयोजित होने वाले विश्व चैंपियनशिप के लिए राष्ट्रीय टीम का चयन किया जाएगा।जूनियर ओपन श्रेणी में भाग लेने वाले सर्वोच्च रैंक वाले खिलाड़ी कौस्तव चटर्जी हैं, जिनकी कुल भारत एलो रैंकिंग 2442 है और जूनियर लड़कियों की श्रेणी में अर्पिता मुखर्जी हैं जिनकी कुल भारत 2271 एलो रैंकिंग है। सनसिटी स्कूल के स्टार खिलाड़ी तनिष्क कोटिया और रिद्धिका कोटिया भी टूर्नामेंट में भाग ले रहे हैं। चैंपियनशिप को विभिन्न आयुवर्गों में विभाजित किया गया है।

| Publication | Punjab Kesari |
| --- | --- |
| Language/Frequency | Hindi/Daily |
| Page No | 01(Gurgaon Kesari) |
| Date | 2nd November 2019 |

पंजाब केसरी


# नेशनल जूनियर शतरंज चैंपियनशिप का आगाज

**गुरुग्राम,**सतबीर भारद्वाज, (पंजाब केसरी): सेक्टर-54 स्थित सनसिटी वर्ल्ड स्कूल में नेशनल जूनियर शतरंज चैंपियनशिप 2019 का शुक्रवार को आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में देश भर के 300 से अधिक अंडर -19 खिलाड़ी भाग ले रहे हैं। मुख्य अतिथि अखिल भारतीय शतरंज संघ महासचिव भारत सिंह चौहान ने कार्यक्रम का शुभारंभ किया। नौ दिनों तक चलने वाली इस चैंपियनशिप में 11 राउंड खेले जाएंगे और शुरुआती राउंड पहले ही दिन खेला गया। 49 वीं जूनियर नेशनल ओपन एंड 34वीं राष्ट्रीय जूनियर गर्ल्स शतरंज टूर्नामेंट का आयोजन फीडे इंटरनेशनल शतरंज फेडरेशन द्वारा किया जा रहा है। इस टूर्नामेंट के माध्यम से, अगले साल भारत में आयोजित होने वाले विश्व चैंपियनशिप टूर्नामेंट के लिए नेशनल टीम का चयन किया जाएगा। चैंपियनशिप को 7, 9, 11, 13, 15, 17 और 19 आयु वर्गों में विभाजित किया गया है। यह टूर्नामेंट इसलिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि इसके माध्यम से अगले साल आयोजित होने वाले विश्व चेम्पियनशिप टूर्नामेंट के लिए राष्ट्रीय टीम का चयन किया जाएगा। इस प्रतियोगिता में जूनियर ओपन श्रेणी में भाग लेने वाले सर्वोच्च रैंक वाले खिलाड़ी कौस्तव चटर्जी हैं, जिनकी कुल भारत एलो रैंकिंग 2442 है। जूनियर लड़कियों की श्रेणी में अर्पिता मुखर्जी हैं जिनकी कुल भारत 2271 एलो रैंकिंग है। सनसिटी स्कूल की खिलाड़ी तनिष्क कोटिया और रिद्धिका कोटिया भी टूर्नामेंट में भाग ले रही हैं।



**● देश भर के 300 से अधिक शतरंज खिलाड़ी ले रहे हैं भाग**

PR PROFESSIONALS GROUP

| Publication | Gurgaon Today |
|---|---|
| Language/Frequency | Hindi/Daily |
| Page No | 03 |
| Date | 2nd November 2019 |

गुड़गांव टुडे

# सनसिटी स्कूल में राष्ट्रीय जूनियर शतरंज टूर्नामेंट आयोजित

**गुड़गांव टुडे, गुरुग्राम**



गुरुग्राम के सबसे प्रतिष्ठित स्कूलों में से एक सनसिटी वर्ल्ड स्कूल, सेक्टर -54, तीसरी बार नेशनल जूनियर शतरंज चैम्पियनशिप 2019 की मेजबानी कर रहा है। देशभर के 300 से अधिक अंडर-19 शतरंज खिलाड़ी इस राष्ट्रीय टूर्नामेंट में भाग ले रहे हैं। उद्घाटन समारोह शुक्रवार को किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि भारत सिंह चौहान, महासचिव, अखिल भारतीय शतरंज संघ थे। दिन की शुरुआत मुख्य अतिथि भरत सिंह चौहान, नरेश शर्मा, संदीपा राय प्रिंसिपल द्वारा दीप प्रज्वलन से हुई।

नौ दिनों तक चलने वाली इस चैंपियनशिप में 11 राउंड शामिल हैं और शुरुआती राउंड पहले ही दिन आयोजित किया गया था। 49 वीं राष्ट्रीय जूनियर ओपन एंड 34 वीं राष्ट्रीय जूनियर गर्ल्स शतरंज टूर्नामेंट का आयोजन फ़ीडे इंटरनेशनल शतरंज फेडरेशन द्वारा निर्धारित दिशा-निर्देशों पर किया जा रहा है। इस टूर्नामेंट के माध्यम से अगले साल भारत में होने वाले विश्व चैम्पियनशिप टूर्नामेंट के लिए राष्ट्रीय टीम का चयन किया जाएगा।

चैंपियनशिप के बारे में आयोजक नरेश शर्मा, हरियाणा चेस एसोसिएशन के महासचिव ने कहा कि हम पहले ही सनसिटी स्कूल में दो अंतर्राष्ट्रीय स्तर के ग्रैंड मास्टर टूर्नामेंट आयोजित कर चुके हैं और आज तक हमारे विदेशी के साथ-साथ राष्ट्रीय खिलाड़ी भी इन टूर्नामेंटों को याद करते और संजोते हैं। इतने बड़े पैमाने पर कार्यक्रम करने के पीछे मुख्य उद्देश्य छात्रों को एक ऐसा मंच प्रदान करना है जहां वे अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर सकें। उन्होंने सनसिटी स्कूल की निर्देशिका रूपा चक्रवर्ती को धन्यवाद देते हुए कहा कि उनके सहयोग के बिना ये टूर्नामेंट आयोजित करना बहुत मुश्किल था। स्कूल के प्रिंसिपल संदीपा राय ने कहा कि सनसिटी स्कूल में हम मानते हैं कि बच्चे का समग्र विकास सबसे आगे है और इस तरह के स्तर का एक मंच यहां के बच्चों को प्रेरित करता है कि हम इतने बड़े राष्ट्रीय स्तर के टूर्नामेंट की मेजबानी कर सकते हैं। हमारे खिलाड़ी ना केवल राष्ट्रीय बल्कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी अपनी प्रतिभा दिखा चुके हैं। हमारे स्कूल में देश भर के खिलाड़ियों का होना ना केवल एक खुशी की बात है बल्कि इस पूरे टूर्नामेंट की मेजबानी करना हमारे लिए बहुत गर्व की बात है। जूनियर ओपन श्रेणी में भाग लेने वाले सर्वोच्च रैंक वाले खिलाड़ी कौस्तव चटर्जी हैं, जिनकी कुल भारत एलो रैंकिंग 2442 है और जूनियर लड़कियों की श्रेणी में अर्पिता मुखर्जी हैं जिनकी कुल भारत 2271 एलो रैंकिंग है। सनसिटी स्कूल के स्टार खिलाड़ी तनिष्क कोटिया और रिद्धिका कोटिया भी टूर्नामेंट में भाग ले रहे हैं। चैंपियनशिप को विभिन्न आयु वर्गों में विभाजित किया गया है, जिसका नाम है- 7, 9, 11, 13, 15, 17 और 19। टूर्नामेंट इसलिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि इसके माध्यम से अगले साल होने वाले विश्व चैम्पियनशिप टूर्नामेंट के लिए राष्ट्रीय टीम का चयन किया जाएगा।